इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
MINISTRY OF ELECTRONICS AND INFORMATION TECHNOLOGY

Digital India
Power To Empower

एनआईसी
NIC
National Informatics Centre

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा समारोह - 2024

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र
ओड़िशा राज्य केंद्र
भुवनेश्वर

14 - 28 सितम्बर 2024

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा समारोह - 2024

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने तथा राजभाषा नीति के कार्यान्वयन के प्रति अनुकूल वातावरण बनाने के लिए राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन 14 सितम्बर 2024 से 28 सितम्बर 2024 तक किया गया।

17 सितम्बर को मुख्यालय में उद्घाटन के अवसर पर आयोजित हिंदी कार्यशाला में ओडिशा विधानसभा के संयुक्त सचिव श्री सतीश मिश्रा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और हिंदी भाषा के महत्व और संविधान में इसे दिए गए विशेष दर्जे पर विस्तार से चर्चा की । इस शुभ अवसर पर ओडिशा की मासिक पत्रिका 'द एसेंडर' के सितंबर संस्करण का शुभारंभ किया गया।

राजभाषा कार्यान्वयन समिति की उपाध्यक्षा श्रीमती सुजाता दास ने मेमोरी-आधारित ई-टूल्स ' कंठस्थ 2.0' की मदद से कैसे अनुवाद आसानी से किया जा सकता है बताया।

हिंदी पखवाड़े के तहत कई प्रतियोगिताएं जैसे: हिंदी श्रुत टाइपिंग, पत्रलेखन एवं हिन्दी – अंग्रेजी अनुवाद, चित्र आधारित निबंध (हिन्दी भाषी एवं हिंदीतर भाषियों के लिए), आशु भाषण एवं हिंदी कवितावृति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पखवाड़े का समापन समारोह के शुभ अवसर पर डी.एम (DM) स्कूल के प्रिन्सिपल डॉ. अखिलेश्वर मिश्र बतौर मुख्य सम्माननीय अतिथि उपस्थित थे। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखा गया था, जिसमें गाना, कविता-पाठ, चुट्कुले, शायरी, आदि में कई पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम को और मनोरम एवं आकर्षक बनाने के लिए अंत में दो छोटे (comedy) लघु नाटक मंचस्त किया गया। उप महानिदेशक एवं राज्य सूचना-विज्ञान अधिकारी ने सभी प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए तथा विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया ।

सदस्य सचिव डॉ. अलका प्रधान ने पूरे पखवाड़े का समन्वयन किया एवं इस पखवाड़ा के सफल आयोजन में सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया । पूरे समारोह के दौरान सभी जिलाधिकारी VC के माध्यम से जुड़े रहे ।

इसके अलावा, एनआईसी के अधिकारी दिनांक 23.09.2024 को जनगणना निदेशालय के सम्मेलन कक्ष में एक अंतर-विभागीय वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिए । एनआईसी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की उपाध्यक्षा श्रीमती सुजाता दास ने वहां अतिथि के रूप में शामिल हुए और पुरस्कार वितरित किये ।

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा समारोह - 2024

हिंदी पखवाड़ा के उद्धाटन समारोह में माननीय अतिथियों का स्वागत

ओडिशाकी मासिक पत्रिका 'द एसेंडर' के सितंबर संस्करणका शुभ विमोचन



मुख्य अतिथि हिंदी भाषा के महत्व और संविधान में इसे दिए गए विशेष दर्जे पर विस्तार से चर्चा की

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा समारोह - 2024

एनआईसी राजभाषा कार्यान्वयन समिति की उपाध्यक्षा श्रीमती सुजाता दास ने जनगणना निदेशालय में अतिथि के रुप में शामिल हुए

जनगणना निदेशालय में आयोजित अंतर-कार्यालय वाद-विवाद के दौरान पुरस्कार प्राप्त करते एनआईसी, ओडिशा के अधिकारी

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा समारोह - 2024

पखवाड़े का समापन समारोह 27 सितंबर को आयोजित किया गया

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केन्द्र, भुवनेश्वर में हिंदी पखवाड़ा समारोह - 2024